संचिका सं०–6 एस०एस०(6)44/2025– 3283 /

# बिहार सरकार
# पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

प्रेषक,

गीता सिंह, भा०प्र०से०,
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार, (ले० एव हक०), बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना–15. दिनांक– 21/7/2025.

*अनौपचारिक रूप से परामर्शित।

द्वारा :– *आंतरिक वित्तीय सलाहकार।

**विषय :– वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य–योजना के मत्स्य प्रसारन्तर्गत राज्य में पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत चलंत मात्स्यिकी लैब–सह–प्रसार वाहन की योजना हेतु ₹190.76 (एक करोड़ नब्बे लाख छिहत्तर हजार रुपया मात्र) राशि की लागत पर योजना की प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति ।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध निदेशानुसार कहना है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य–योजना के मत्स्य प्रसारन्तर्गत राज्य में पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत चलंत मात्स्यिकी लैब–सह–प्रसार वाहन की योजना हेतु ₹ 190.76 (एक करोड़ नब्बे लाख छिहत्तर हजार रुपया मात्र) राशि की लागत पर योजना की प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की गयी है। योजना का अनुलग्नक–I, II(क), II(ख) एवं III के रूप में संलग्न।

2. इस योजना का मुख्य उद्देश्य तालाब मात्स्यिकी में सफल मत्स्य पालन हेतु विभिन्न उत्पादन कारकों (यथा जल, मृदा, रोग आदि) का कृषकों के तालाब तक पहुँच कर विश्लेषण, परामर्श एवं निदान करना है। इसके तहत कृषकों को Real Time में मात्स्यिकी से जुड़े तकनीकी एवं प्रबंधनीय निदान निःशुल्क उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही नई–नई योजनाओं की जानकारी भी उनके द्वार तक सुलभ होगी।

3. इस योजना के क्रियान्वयन से निम्न लाभ होने की संभावना है :–

(i) मत्स्य कृषकों तक मात्स्यिकी प्रसार–तंत्र की पहुँच में आसानी होगी।

(ii) मत्स्य कृषकों के तालाब का जल/मृदा की जाँच कर उचित सलाह से उनके इनपुट लागत में कमी एवं आमदनी में अभिवृद्धि होगी।

(iii) मत्स्य रोग की पहचान, परामर्श एवं निदान में आसानी होगी।

(iv) मोबाईल वाहन पर उपलब्ध उपकरण से स्रोत पर ही जल/मृदा एवं मत्स्य आहार की गुणवत्ता की जाँच सुलभ हो सकेगी।

(v) मत्स्य कृषकों को अन्य योजना के संबंध में भी दृश्य एवं श्रव्य तंत्र (Audio Virtual System) के माध्यम से सफलता की कहानी एवं SOP दिखाया जा सकेगा।

4. योजना का भौतिक आकार एवं क्रियान्वयन का समय सीमा :– राज्य में पायलॉट प्रोजेक्ट के रूप में राज्य के चार मात्स्यिकी सम्भावित जिलों (जहाँ विभागीय कार्यालय परिसर उपलब्ध है) यथा मोतिहारी, सहरसा, मुगेर एवं पटना में चलंत मात्स्यिकी लैब–सह–प्रसार वाहन क्रय तथा संचालन किया जायेगा। इस योजना का क्रियान्वयन चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 तथा आगामी वर्षो में किया जायेगा।

5. योजना की रूप–रेखा–

(i) मोबाइल फिशरीज लैबोरेटरी–सह–प्रसार वैन मत्स्य–पालन के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी पहल होगी, जो मत्स्य पालकों को मत्स्य पालन की आधुनिक तकनीक, वैज्ञानिक सेवाएँ एवं सरकार द्वारा क्रार्यान्वित योजनाओं का प्रचार–प्रसार उनके दरवाजे तक सुलभता के साथ पहुंचाने का कार्य करेगी। साथ ही इस मोबाइल वैन के द्वारा ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के कृषकों के तालाब पर ही जल एवं मृदा की गुणवत्ता परीक्षण एवं विश्लेषण, मछलियों के रोग निदान, पोषण संबंधी परामर्श, मछली पालन की नई वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी दी जायेगी।

(ii) प्रथम चरण में इस योजना का क्रियान्वयन चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 में पायलॉट प्रोजेक्ट के तहत राज्य के चार चयनित मत्स्य सम्भावित जिलों यथा मोतिहारी, सहरसा, मुगेर एवं पटना में किया जायेगा। तत्पश्चात समीक्षोपरान्त आगामी वित्तीय वर्षो में इसे राज्य के अन्य जिलो में चरणबद्ध तरीका से क्रार्यान्वित किया जायेगा।

(iii) प्रस्तावित योजना के तहत मोबाइल फिशरीज लैबोरेटरी–सह–प्रसार वैन "विद्युत चालित" होगा। प्रत्येक मोबाइल फिशरीज लैबोरेटरी वैन का औसत इकाई लागत ₹ 34.69 लाख आकलित है जिसमें वाहन का–Base price, Insurance, Registration, Interior Fabrication Cost, Custmization cost, Relevant Accessories, Gen-set, Small Freeze, Split AC, LED TV, Stabilizer & Inverter, Water & Soil Parameters की जाँच हेतु Equipments, Chemicals, Glasswares, Computer, UPS, Printer आदि शामिल है (विस्तृत विवरणी अनुलग्नक–II (क) एवं II (ख) संलग्न)। मोबाइल फिशरीज लैबोरेटरी–सह–प्रसार वैन का संचालन लागत (सुचारू रूप से वैन को चलाने में होने वाले रोजमर्रा का व्यय, इंधन, वाहन का बीमा, वाहन चालक का मासिक पारिश्रमिक, केमिकल का क्रय/आपूर्ति, सॉफ्टवेयर पर व्यय, प्रिंटर का कार्ट्रिज, पेपर, Awareness material, उपकरणों का मरम्मती एवं वाहन का रख–रखाव, दैनिक व्यय, अन्य अप्रत्याशित व्यय आदि शामिल है) पर ₹ 13.00 लाख प्रति वैन व्यय होने का अनुमान है (विस्तृत विवरणी अनुलग्नक–III संलग्न)।

(iv) इस योजना पर कुल ₹ 190.76 (एक करोड़ नब्बे लाख छिहत्तर हजार रुपया मात्र) राशि व्यय होने का अनुमान है। इससे संबंधित विस्तृत व्यय विवरणी अनुलग्नक–I के रूप में संलग्न है।

6. आपूर्ति हेतु ऐजेन्सी का चयन :–

(i). इस योजना के तहत चलंत मात्स्यिकी लैब–सह–प्रसार वाहन के आपूर्ति हेतु ऐजेन्सी का चयन के लिए मत्स्य निदेशालय, बिहार, पटना द्वारा राज्य स्तरीय समाचार पत्रों में योजनान्तर्गत अनुमोदित विस्तृत विनिर्देश के साथ प्रस्ताव निवेदन (Request for Proposal) प्रकाशित कर आमंत्रित किया जायेगा। उक्त के आलोक में इच्छुक ऐजेन्सियों से चलंत मात्स्यिकी लैब–सह–प्रसार वाहन का आपूर्ति दर प्राप्त किया जायेगा।

(ii). उक्त के आलोक में ऐजेन्सियों से चलंत मात्स्यिकी लैब–सह–प्रसार वाहन के आपूर्ति हेतु प्राप्त आपूर्ति दर में से सबसे कम (न्यूनतम) दर वाले ऐजेन्सी का चयन किया जायेगा तथा निदेशक मत्स्य, बिहार, पटना द्वारा कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।

(iii). इस योजनान्तर्गत चलंत मात्स्यिकी लैब–सह–प्रसार वाहन के आपूर्ति हेतु आकलित औसत इकाई लागत तथा उपर्युक्त प्रस्ताव निवेदन (Request for Proposal) के माध्यम से प्राप्त न्यूनतम आपूर्ति दर में अन्तर होने की स्थिति में निदेशक मत्स्य, बिहार, पटना योजनान्तर्गत स्वीकृत/आवंटित राशि के अनुरूप चलंत मात्स्यिकी लैब–सह–प्रसार वाहन की संख्या में आवश्यकतानुसार अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव के अनुमति से अनुपातिक बदलाव अर्थात कम अथवा ज्यादा कर सकेंगे। लेकिन व्यय की राशि इस योजना के तहत स्वीकृत राशि के अन्दर सीमित रहेगी।

7. इस योजना के तहत मोबाइल फिशरीज लैबोरेटरी वैन के सुचारू रूप से संचालन/परिचालन, प्रशासनिक नियंत्रण (administrative control), कुशल प्रबंधन, रख–रखाव, समन्वय (coordination), पर्यवेक्षण (supervision), विनियमन (regulation) आदि से सम्बन्धित विस्तृत अनुदेश/दिशा–निर्देश निदेशक मत्स्य, बिहार, पटना द्वारा विभागीय अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव के अनुमति से निर्गत किया जायेगा।

8. इस योजना के तहत निदेशक मत्स्य, बिहार, पटना निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी तथा सर्वोच्च नियंत्री पदाधिकारी होंगे।

9. निदेशक मत्स्य, बिहार, पटना द्वारा योजनान्तर्गत व्यय हेतु स्वीकृत राशि को सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना से आहरित कर, बी०एल०डी०ए०, पटना के पी०एल० खाता में अंतरित कर व्यय किया जायेगा तथा आवश्यकतानुसार संचालन लागत की राशि

सम्बन्धित जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को अंतरित/उपलब्ध कराया जाएगा।

10. योजनान्तर्गत स्वीकृति राशि के अनुरूप निदेशक मत्स्य, बिहार, पटना के द्वारा आवंटनादेश निर्गत किया जाएगा।

11. इस योजना के कार्यान्वयन में यदि कोई कठिनाई परिलक्षित होती है तो अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव की अनुमति से निदेशक मत्स्य, बिहार, पटना संशोधन/दिशा निर्देश निर्गत करेगें।

12. चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 में इस योजना के तहत व्यय हेतु स्वीकृत राशि को माँग संख्या–02, मुख्य शीर्ष–2405–मछली पालन, उपमुख्य शीर्ष–00, लघुशीर्ष–109–विस्तार तथा प्रशिक्षण, उपशीर्ष–0102–मत्स्य प्रसार, विपत्र कोड 02-2405001090102 के विषयशीर्ष 0102–51.01–मोटर वाहन एवं विषयशीर्ष–0102–13.02–वाहन का इंधन एवं रख–रखाव मद में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

13. दिनांक–04.07.2025 को लोक वित्त समिति की बैठक में राज्य–योजना के मत्स्य प्रसारन्तर्गत राज्य में पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत चलंत मात्स्यिकी लैब–सह–प्रसार वाहन क्रय की स्वीकृति प्रदान की गयी है। संचिका संख्या–6 एस०एस०(6)44/2025 के पृष्ठ 14–13/प०।

14. चुकि यह एक नयी योजना है। योजना का लागत मूल्य 5.00 करोड़ से कम है। इसलिए वित्त विभागीय संकल्प संख्या–12888/वि० दिनांक–03.12.2024 की कंडिका–5(ग) में प्रदत्त वित्तीय शक्ति के आलोक में प्रस्ताव एवं राज्यादेश प्रारूप में अपर मुख्य सचिव का अनुमोदन प्राप्त है। संचिका–6 एस०एस०(6)44/2025 के पृष्ठ–20/टि० एवं दिनांक–14.07.2025.

15. राज्यादेश प्रारूप में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है। संचिका संख्या–6एस०एस०(6)44/2025 के पृष्ठ संख्या–19/टि० डायरी क्रमांक–333, दिनांक–09.07.2025.

16. वित्त विभागीय पत्रांक–7355, दिनांक–05.10.2007 में सन्निहित प्रावधान के आलोक में महालेखाकार, बिहार, पटना से प्राधिकार–पत्र की आवश्यकता नहीं होगी।

विश्वासभाजन,

(गीता सिंह)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः— 6 एस०एस०(6)44/2025—3283 /पटना—15, दिनांक—21/7/2025.

प्रतिलिपिः— अनुलग्नक सहित सभी कोषागार पदाधिकारी, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः— 6 एस०एस०(6)44/2025—3283 /पटना—15, दिनांक—21/7/2025.

प्रतिलिपिः— अनुलग्नक सहित वित्त विभाग (बजट एवं योजना शाखा)/योजना एवं विकास विभाग/आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः— 6 एस०एस०(6)44/2025—3283 /पटना—15, दिनांक—21/7/2025.

प्रतिलिपिः— अनुलग्नक सहित निदेशक मत्स्य, बिहार, पटना/सभी संयुक्त मत्स्य निदेशक/सभी उप मत्स्य निदेशक परिक्षेत्र/सभी जिला मत्स्य पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी/परियोजना निदेशक, बी०एल०डी०ए०, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः— 6 एस०एस०(6)44/2025—3283 /पटना—15, दिनांक—21/7/2025.

प्रतिलिपिः— अनुलग्नक सहित निदेशालय के सभी पदाधिकारियों एवं सहायकों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः— 6 एस०एस०(6)44/2025—3283 /पटना—15, दिनांक—21/7/2025.

प्रतिलिपिः— अनुलग्नक सहित विभाग के सभी पदाधिकारी/विभागीय योजना शाखा के कार्यवाह सहायक को अतिरिक्त पाँच प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः— 6 एस०एस०(6)44/2025—3283 /पटना—15, दिनांक—21/7/2025.

प्रतिलिपिः— अनुलग्नक सहित विभागीय अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव/विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/विभागीय आई०टी० मैनेजर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव

## अनुलग्नक–I

वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य–योजना के मत्स्य प्रसारन्तर्गत राज्य में पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत चलंत मात्स्यिकी लैब–सह–प्रसार वाहन की योजना पर होने वाले संभावित व्यय का विवरणी।

(राशि लाख में)

| क्र० | योजना का नाम | वृहद, मुख्य, लघु, उपशीर्ष एवं विपत्र कोड | विषय शीर्ष | स्वीकृत राशि | निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी नाम | कोषागार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | चलंत मात्स्यिकी लैब–सह–प्रसार वाहन की योजना। | माँग संख्या–02, मुख्य शीर्ष–2405 –मछली पालन, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–109 –विस्तार तथा प्रशिक्षण, उप शीर्ष–0102 –मत्स्य प्रसार, विपत्र कोड 02-2405001090102 | 0102.51.01– मोटर गाड़ी कार्यालय | 138.76 | निदेशक मत्स्य, बिहार, पटना। | कोषागार, विकास भवन, पटना। |
| | | | 0102.13.02– वाहन का इंधन एवं रख रखाव | 52.00 | | |
| | | | योग :– | 190.76 | | |

**(एक करोड़ नब्बे लाख छिहत्तर हजार रुपया मात्र)**

3283
21/7/25

सरकार के अपर सचिव

| अनुलग्नक–II (क) | | | |
|---|---|---|---|
| **Unit Cost details of Mobile Fish Lab-cum-Awareness Vehicle** | | | |
| | | | **(Amount In Lakh)** |
| **Sl. No.** | **Components** | **Estimated Cost (Lakh)** | **Remarks** |
| *1* | *2* | *3* | *4* |
| 1 | Cost of Vehicle which includes Vehicle Base Price, Interior Fabrication cost, Relevant accessories, Customization cost, Gen-set, Small Freeze, Split AC, LED TV, Stabilizer, Inverter, GST, Insurance, Registration etc. | 28.84333 | |
| 2 | Cost of Water & Soil Parameters Testing Equipments, Chemicals, Glasswares, Computer, UPS, Printer etc | 5.84500 | Details annexed as अनुलग्नक–II (ख) |
| | **Total** | **34.68833** | |
| | **Say,** | **34.69000** | |

3283
21/7/25

सरकार के अपर सचिव

# अनुलग्नक–II (ख)

चलंत मात्स्यिकी लैब–सह–प्रसार वाहन में अधिष्ठापित की जाने वाली महत्त्वपूर्ण मापदंड (Parameters) की जाँच से सम्बन्धित उपकरणों तथा आकलित उपकरणवार इकाई लागत की विवरणी।

(1). पानी के महत्त्वपूर्ण मापदंड (Parameters) जाँच, इससे सम्बद्ध उपकरण तथा उपकरणवार इकाई लागत की विवरणी।

| Sl. No. | Paramerters (मापदंड) | Parameters की जाँच हेतु Equipments | संभाव्य Cost (Rs.) |
|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* |
| i. | pH | pH meter, pH paper | 25,000.00 |
| ii. | Dissolve Oxygen (DO) | Portable DO meter | 50,000.00 |
| iii. | Alkalinity | Alkalinity Testing Kit | 5000.00 |
| iv. | Turbidity (Secchi Disk) | Secchi Disk | 3000.00 |
| v. | Hardness | Hardness Testing Kit | 20,000.00 |
| vi. | Ammonia (unionized) | Ammonia Testing Kit | 50,000.00 |
| vii. | Water Temperature | Water Thermometer | 500.00 |
| viii. | Nitrite | Nitrate Testing Kit | 20,000.00 |
| ix. | Iron | Iron Testing Kit | 40,000.00 |
| x. | Salinity | Salinometer | 20,000.00 |
| xi. | TDS | TDS - Portable Meter | 1,000.00 |
| **Total (1)** | | | **2,34,500.00** |

(2). मृदा हेतु महत्त्वपूर्ण मापदंड (Parameters) की जाँच इससे सम्बद्ध उपकरण तथा उपकरणवार इकाई लागत की विवरणी।

| Sl. | Paramerters (मापदंड) | Parameters की जाँच हेतु Equipments | संभाव्य Cost (Rs.) |
|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* |
| 1. | pH | Soil pH meter | 25,000.00 |
| 2. | NPK | NPK Testing Kit | 10000.00 |
| 3. | Organic Carbon | Organic Carbon Testing Kit | 60,000.00 |
| **Total (2)** | | | **95,000.00** |

(3). पानी एवं मृदा जाँच हेतु Equipments & Glassware तथा उपकरणवार इकाई लागत की विवरणी।

| Sl. | Equipments | Parameters | Cost (Rs.) |
|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* |
| 1. | Distillation units | For water & soil | 20,000.00 |
| 2. | Refrigerator | Common | 50,000.00 |
| 3. | Analytical Balance | Soil Sampling | 15,000.00 |
| 4. | Water bath | Soil Sampling | 10,000.00 |
| 5. | Borosil Glassware (Biker, Pipettes, Petridis, DO bottle etc.) | - | 10,000.00 |
| 6. | Different types of chemical for soil & water analysis | - | 50,000.00 |
| 7. | Computer, UPS, Printer etc. | Report analysis & Printing | 1,00,000.00 |
| **Total (3)** | | | **2,55,000.00** |
| **Grand Total (1)+(2)+(3)** | | | **₹5,84,500.00** |

नोट :– उपर्युक्त अवयवों/अवयव मूल्यों में आवश्यकतानुसार बढ़ोत्तरी/घटोत्तरी हो सकती है।

उक्त तीनों अवयवों हेतु आकलित कुल व्यय (1+2+3) = ₹ 5,84,500.00

3283
21/7/25

सरकार के अपर सचिव

# अनुलग्नक–III

## Recurring Cost details per Mobile Fish Lab-cum-Awareness Van

| Sl. No. | Components | Running Cost (In Lakh) | Remarks |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | (a) Fuel for Van & Generator Set - Rs 85/lt x 20 lts = Rs1700/day<br>(b) For Generator running diesel required 2 litres/day - 200/day = Rs1900/day (a+b)<br># Van will run 20 days/month - Rs 1900x20 = Rs 38000/month<br>Annual Expenses - Rs38000x12 = 4.56 lakh | 4.56 | |
| 2. | Maintenance of the vehicle per annum @5000/month | 0.60 | |
| 3. | Insurance premium for van | 0.75 | |
| 4. | (a) Salary of the driver@18000/month<br>(b) Average for out station remuneration @300/day for 20 days = Rs6000/month<br>(a+b) Rs18000+Rs6000 = Rs24000/month<br>(Annually Expenditure - Rs24000x12 = Rs2,88,000) | 2.88 | |
| 5. | Cost of consumables in van (Annually) | 2.00 | |
| 6. | Software subscription (Annually) | 0.25 | |
| 7. | Computer (Cartridge & Paper) (Annually) | 0.25 | |
| 8. | Awareness materials (Annually) | 1.00 | |
| 9. | Miscellaneous (Annually) | 0.50 | |
| **Total** | | **12.79** | |
| **Say,** | | **13.00** | |

3283
21/7/25

सरकार के अपर सचिव